CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 42 ▫ रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## शून्य काल में उठा जिला पंचायत जनपद चुनाव का मामला, विपक्ष ने किया बर्हिगमन




**रायपुर,** 6 मार्च (हाईवे चैनल)। शून्य काल में आज जिला पंचायत एवं जनपद अध्यक्ष के चुनाव का मामला जोर सोर से उठा विपक्ष की विधायक अनिला भेड़िया ने सदन में मामला उठाते हुए कहा कि जहां भी भाजपा का बहुमत नहीं है वहां चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है लगातार चुनाव को स्थगित किया जा रहा है या फिर चुनाव के डेट बढ़ा दिए जा रहे हैं

उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा में इस तरह का मामला पिछले दिनों सामने आया है जब कांग्रेस की बहुमत देखते हुए चुनाव को टाल दिया गया चर्चा में भाग लेते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि उनके विधानसभा में भी इस प्रकार का मामला सामने आया है उनके तीनों ब्लाकों में कांग्रेस समर्थित जनपद अध्यक्ष बनना है ऐसे में चुनाव की तिथि के दिन ही चुनाव को स्थगित कर दिया गया और आगे बढ़ा दिया गया जिससे कहीं ना कहीं लोकतंत्र की हत्या हो रही है चर्चा में भाग लेते हुए उमेश पटेल ने कहा कि सदस्यो की संख्या अधिक होने पर इस प्रकार के कृत्य अधिकारियों के द्वारा किया जा रहे हैं खुले तौर पर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह जो दबाव की राजनीति चल रही है यह लोकतंत्र में उचित नहीं है आज कई स्थान ऐसे हैं जहां जीते हुए जनप्रतिनिधि को डराने धमकाने का काम चल रहा है कुछ स्थानों पर तो जीते हुए प्रत्याशियों को चुनाव में भाग ही नहीं लेने दिया जा रहा है और गायब कर दिया जा रहा है विपक्ष द्वारा उक्त मामले को लेकर सदन में जमकर नारेबाजी भी की गई एवं बर्हिगमन किया गया.

## गौण खनिज से प्राप्त राशि में अनियमितता पर हुई जांच पर उठा सवाल, डिप्टी सीएम ने बताया- छह अधिकारियों का हुआ है निलंबन

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के आठवें सत्र के दौरान विधायक राघवेंद्र कुमार ने प्रश्नकाल के दौरान गौण खनिज से प्राप्त राशि में अनियमितता को लेकर हुई जांच पर सवाल किया. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि जांच में नियमों का उल्लंघन साबित होने पर छह अधिकारियों को निलंबित किया गया है. विधायक राघवेंद्र कुमार ने सवाल किया कि जितनी कार्य निविदा आमंत्रित हुई, क्या भावपत्र में किसी तरीके से कोई अनुमति या अनुमोदन किया गया है? अगर जांच कराई गई है तो रिपोर्ट में क्या आया है? उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि 2 करोड़ 13 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए थे. भाव पत्र के माध्यम से 26 में से 21 कार्य जल प्रदाय से संबंधित हैं, इसमें जांच में पाया कि भंडार नियम का उल्लंघन हुआ है. मामले में 6 अधिकारियों का निलंबन हुआ है. मुख्य अभियंता के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम बनाई है, जिसकी जांच रिपोर्ट जल्द आ जाएगी. विधायक ने इस पर सवाल किया कि क्या यह सही है एक ही फार्म को 75 लाख का भुगतान किया गया है इन सब पर कानूनी कार्यवाही क्या करेंगे? इस पर उपमुख्यमंत्री ने बताया कि एक ही फार्म नहीं है, और भी फॉर्म है. कमेटी भी बनाई गया है, वह जल्द ही अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगी. इस पर फिर विधायक ने सवाल किया कि क्या फर्मों को ब्लैक लिस्ट करेंगे? इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके खिलाफ भी रिपोर्ट आएगी, उन पर कार्यवाही की जाएगी.

## दिवंगत सदस्यों के निधन की सूचना में देरी पर सदन में उठा सवाल, स्पीकर ने दोषी अफसरों पर कार्रवाई के दिए निर्देश



छत्तीसगढ़ विधानसभा के आठवें दिन की शुरू होते ही दिवंगत सदस्यों की निधन सूचना में देरी पर विधायकों ने सवाल उठाया. स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने देर से निधन सूचना मिलने पर नाराजगी जताते हुए दोषी अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए. विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रशासन को स्पष्ट निर्देश होने के बाद विधानसभा को दिवंगतों की निधन सूचना देरी से मिल रही है. इस पर आसंदी की ओर से व्यवस्था आनी चाहिए. स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मैने पूर्व में भी शासन को स्पष्ट निर्देश दिया गया था. किसी भी पूर्व सदस्य की निधन की सूचना देर से मिलना बहुत आपत्तिजनक है. दरअसल, डॉ. देवचरण मधुखर के निधन की सूचना मिलने में देरी हुई. अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व विधायक डॉ. मधुकर का निधन 12 फरवरी को हुआ था. इस बात की जानकारी सदन को 4 मार्च को प्राप्त हुई. स्पीकर ने कहा कि मैं सरकार को निर्देशित करता हूं कि बिलासपुर जिले के दोषी अफसरों पर कार्रवाई की जाए. कार्यवाही की जानकारी सदन को इसी सत्र में दी जाए.

## ग्रामीणों ने आवेदन देकर कहा- 'हमें जल जीवन मिशन की आवश्यकता नहीं, इससे केवल खुदाई होगी, जिससे परेशानी होगी'



केंद्र सरकार राज्य सरकार पर जल जीवन मिशन को पूर्ण करने के लिए पूरा दबाव बनाए हुए हैं. राजनीतिक दल इस मिशन में हो रही देरी पर एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण इसकी आवश्यकता को ही नकारते हुए कह रहे हैं कि इससे केवल खुदाई होगी, जिसकी वजह से हमें परेशानी होगी. यह जानकारी विभागीय मंत्री अरुण साव ने सदन में विधायक संदीप साहू के मिशन के तहत कार्यों में देरी को लेकर किए गए सवाल के जवाब में दी.

विधायक संदीप साहू ने प्रश्नकाल में विधानसभा कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य का मामला उठाया. उन्होंने कहा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा 2021- 22 से 31/1/2025 तक कौन-कौन से कार्य, कितनी लागत राशि से स्वीकृत हुए? अधूरे कार्य का विवरण दें? 118 गांवों का कार्य अब तक अपूर्ण है. 197 से कितने ग्राम जलस्रोत विहीन हैं. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि 3 विकासखंड़ आते हैं. इस विधानसभा में 300 ग्राम हैं. 20/21 से 753 कार्य स्वीकृत हैं, 632 कार्य पूर्ण हैं. गांव के लोगों ने आवेदन देकर कहा कि हमें जल जीवन मिशन की आवश्यकता नहीं है. हमारे घरों में नल है. इससे केवल खुदाई होगी, जिसकी वजह से हमें परेशानी होगी, जिसकी वजह से यह कार्य आप तक रुका हुआ है. उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सड़क के कार्य आधे से ज्यादा पूर्ण हो चुके हैं. जल जीवन स्कीम प्रगति पर है. विधायक ने इस पर सवाल किया कि कितने का जल स्त्रोत विहीन है? उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सोर्स के लिए लगातार हम कार्य कर रहे हैं. विधायक ने कहा कि जानकारी के अनुसार, 118 गांव में कार्य अपूर्ण है, इसमें जिन अधिकारियों ने इस योजना पर कार्य कर रहे हैं, उन अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे? उपमुख्यमंत्री ने कहा कि समय से अगर कार्य नहीं पूर्ण होता है तो अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे.

## 324 करोड़ के मुआवजा घोटाले में कोरबा के डिप्टी कलेक्टर शशिकांत सस्पेंड



**रायपुर,** 6 मार्च (हाईवे चैनल)। रायपुर-विशाखापट्टनम सिक्स लेन ग्रीन कॉरिडोर के मुआवजा घोटाले में छत्तीसगढ़ सरकार ने कोरबा में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे को सस्पेंड कर दिया गया है। शशिकांत 2019 से 2021 तक अभनपुर के तहसीलदार रहे और उन्हें इस घोटाले का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है।

**भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला**

बता दें कि इससे पहले अभनपुर के एसडीएम निर्भय साहू को भी निलंबित कर दिया गया था। अब सरकार ने दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए डिप्टी कलेक्टर को सस्पेंड किया है। रायपुर कलेक्टर की जांच रिपोर्ट में शशिकांत कुर्रे की संलिप्तता की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, मुआवजा घोटाले को अंजाम देने वाले तत्कालीन तहसीलदार को 2021 में प्रमोट कर डिप्टी कलेक्टर बना दिया गया था। वर्तमान में वे कोरबा में पदस्थ हैं। बताया जा रहा है कि एक मंत्री के करीबी होने के कारण अब तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

छत्तीसगढ़ के अवर सचिव को 8 अगस्त 2022 को धमतरी निवासी शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार साहू और हेमंत देवांगन ने शिकायत की थी, कि भारत माला परियोजना के तहत रायपुर विशाखापट्नम इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा बांटने के नाम पर अधिकारियों ने पैसों का बंदरबाट किया। उनकी जमीन का खसरा बदल दिया गया। पूर्व खसरे पर उस राशि का भुगतान दिख रहा है। एसडीएम, नायब तहसीलदार और पटवारी से इसकी शिकायत की है, लेकिन वो समाधान नहीं कर रहे हैं। इन अफसरों ने दस्तावेजों में हेर-फेर कर भूमाफियाओं की मदद से शासन के पैसों का दुरुपयोग किया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सीएम साय की मां रुटिन चेकअप के लिए पहुंची मेकाहारा

**रायपुर,** 6 मार्च (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मां जसमनी देवी साय रुटीन चेकअप के लिए मेकाहारा पहुंची है. अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में उनका चेकअप होगा. जसमीन देवी के साथ मुख्यमंत्री साय के भाई भी मेकाहारा पहुंचे हैं.

### देशभर में कितनी संपत्ति की मालिक है कांग्रेस? नई कमेटी लगाएगी पता

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (न्यूज चैनल)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपनी अचल संपत्तियों के प्रबंधन और निगरानी को व्यवस्थित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशभर में फैली कांग्रेस की संपत्तियों की देखरेख के लिए एक नया विभाग गठित करने की घोषणा की है। इस विभाग को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ढ्ढष्टष्ट) के तहत स्थापित किया गया है और इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पार्टी की संपत्तियों का सही लेखा-जोखा तैयार करना, उनकी मौजूदा स्थिति की समीक्षा करना और उनके उचित रखरखाव को सुनिश्चित करना है। इस विभाग की जिम्मेदारी पूर्व सांसद और पंजाब सरकार में मंत्री रह चुके विजय इंदर सिंगला को सौंपी गई है। सिंगला वर्तमान में ढ्ढष्टष्ट के संयुक्त कोषाध्यक्ष भी हैं और अब उन्हें कांग्रेस की संपत्तियों के प्रबंधन की देखरेख का दायित्व सौंपा गया है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किए हैं, जिसमें सिंगला को इस नए विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के पास देशभर में कई कार्यालय, भवन, जमीन और अन्य अचल संपत्तियां हैं, जो दशकों से पार्टी के संचालन का आधार रही हैं। हालांकि, इन संपत्तियों की सटीक संख्या और उनके मूल्य को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी। इस नए विभाग के गठन से पार्टी की संपत्तियों का व्यवस्थित ब्यौरा तैयार किया जाएगा,




चूहा- सुनती हो, मायावती भाई-भतीजे आकाश-आनंद को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

चुहिया- हां जी, माया की माया से मोहभंग हो गया।

## बस्तर में फिर एनआईए की दबिश, अंतागढ़ जनपद के निवर्तमान उपाध्यक्ष समेत 4 को हिरासत में लिया, पूछताछ जारी





**कांकेर,** 6 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले के नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की दबिश जारी है। ताजा कार्रवाई में एनआईए की टीम ने 4 लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों में अंतागढ़ जनपद के निवर्तमान उपाध्यक्ष भी शामिल हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई नक्सल नेटवर्क और उससे जुड़े संदिग्धों के खिलाफ की जा रही है।

गौरतलब है कि एनआईए की टीम बस्तर क्षेत्र में लगातार सक्रिय है। बीते 28 फरवरी को छत्तीसगढ़ नक्सल फंडिंग केस में बड़ी कार्रवाई करते हुए मूलवासियों बचाओ मंच के प्रमुख रघु मिडियामी को एनआईए ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले, नवंबर 2023 में भी पुलिस ने इसी मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 6 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे। जांच में सामने आया कि ये दोनों एमबीएम के ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) थे, जो माओवादियों के लिए फंड जुटाने और वितरित करने का काम कर रहे थे।

## पैदल जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने मारी ठोकर, मौत

रायपुर, 6 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी आज फिर एक बार हिट एंड रन का मामला सामने आया है. पुरानी बस्ती थाने के सामने पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी. इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि आरोपी कार चालक फरार हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान बुढ़ापारा के शितला मंदिर गली के निवासी मनोज पंसारी (उम्र 43 साल), पिता-केशव पंसारी के रूप में हुई है. फिलहाल पुलिस फरार कार चालक की पहचान करने में जुटी हुई है. आस-पास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस ने जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ने का आश्वासन दिया है।



## नक्सलियों ने 8 परिवारों को गांव से किया बेदखल मुखबिरी का आरोप लगाकर जनअदालत में दी धमकी



पुलिस मुखबिरी करने व थुलथुली मुठभेड़ का आरोप लगाकर आठ परिवार को गांव छोड़ने का फरमान जारी किया था.

**दंतेवाड़ा,** 6 मार्च (हाईवे चैनल)। बस्तर में एक बार फिर नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है. बारसूर थाना क्षेत्र के तुसवाल पंचायत के दो गांव के आठ परिवारों को नक्सलियों ने जान से मारने का धमकी देकर गांव से बेदखल कर दिया है. सभी परिवार दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के शरहद में बसे तुसलवाल पंचायत के हैं. दहशत में आकर परिवार के लोग आज गांव छोड़कर बस्तर जिले के किलेपाल गांव में पनाह लेने निकले. जानकारी के मुताबिक, तीन दिन पहले माओवादियों के पूर्वी बस्तर डिविजन के माओवादी तुषवाल पंचायत के तोड़मा और कोहकावाड़ा गांव पहुंचे थे. यहां जनअदालत लगाया और

## बीते 11 महीनों में जिला अस्पताल में हुए 1217 सिजेरियन, 2315 सामान्य प्रसव




### स्मार्ट कार्ड से सिजेरियन प्रसव हटने के बाद जिला अस्पताल में बढ़ी गर्भवती मरीजो की संख्या

**धमतरी** 6 मार्च (हाईवे चैनल)। जिला अस्पताल धमतरी में न सिर्फ धमतरी बल्कि आसपास कई जिलों के मरीज उपचार कराने पहुंचते है। पिछले सालों में जिला अस्पताल में गर्भवती मरीजों की संख्या बढ़ी है।

मिली जानकारी के अनुसार साल अप्रैल 2024 से 25 फरवरी 2025 तक 11 महीनों में जिला अस्पताल में 1217 सिजेरियन और 2315 सामान्य प्रसव प्रसव हुए। इस प्रकार कुल 3532 प्रसव जिला अस्पताल में हुए है। पहले जब आयुष्मान कार्ड (स्मार्ट कार्ड) योजना में सिजेरियन प्रसव का पैकेज था तब ज्यादातर सिजेरियन प्रसव निजी अस्पतालों में भी होता था। लेकिन जब से सिजेरियन प्रसव को पैकेज से हटाया गया है। तब से गरीब व मध्यम तबके के ज्यादातर गर्भवती मरीज जिला अस्पताल पर आश्रित हुए है। ज्ञात हो कि निजी अस्पतालों में सिजेरियन प्रसव में 25 से 40 हजार तक का खर्च आता है। ऐसे में लोग जिला अस्पताल में सिजेरियन प्रसव कराने पहुंचते है। इसलिए सिजेरियन प्रसव की संख्या बढ़ी है। कई बार मरीज को रिफर भी किया जाता है। जिला अस्पताल में 11 महीनों में कुल 1 लाख 50680 मरीज उपचार कराने पहुंचे है। बता दे कि जिला अस्पताल धमतरी में वर्तमान में दो स्त्री रोग विशेषज्ञ और दो निश्चेतना विशेषज्ञ कार्यरत है।

**1 लाख 65960 मरीजों की हुई पैथलॉजी जांच**- जिला अस्पताल में कई प्रकार की सुविधायें सरकार द्वारा दी जाती है। जिनमें पैथालॉजी जांच भी महत्वपूर्ण है। पैथलॉजी के तहत खून व पेशाब जांच किया जाता है। जिला अस्पताल में ही पैथलॉजी लैब है। जहां रोजाना सैकड़ों मरीजों द्वारा जांच कराया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 11 महीनों में जिला अस्पताल में 1 लाख 65960 मरीजों को पैथलॉजी जांच की सुविधा प्रदान की गई है। बता दे कि वैसे तो शहर में कई निजी पैथलॉजी लैब है। जहां हर प्रकार की पैथलॉजी जांच होती है। लेकिन मंहगे फीस के कारण ज्यादातर गरीब व मध्यम वर्गीय मरीज जिला अस्पताल में पैथलॉजी जांच कराते है।

**12090 एक्स रे, 2923 सोनोग्राफी और 808 सीटी स्कैन हुए** - जिला अस्पताल में पैथलॉजी के अतिरिक्त एक्स रे, सोनोग्राफी और सीटी स्कैन की सुविधा है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 11 महीनों में जिला अस्पताल में 2374 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी हुई है। वहीं 549 अन्य मरीजों की सोनोग्राफी की गई है। इसी प्रकार कुल 2923 सोनोग्राफी हुए है। 12090 मरीजों का एक्स रे किया गया है। जबकि 808 मरीजों का सीटी स्कैन किया गया है। बता दे कि सिटी स्कैन और सोनोग्राफी हेतु नियमित रेडियों लॉजिस्ट की कमी खल रही है। मरीजों को जांच हेतु वेटिंग में रहना पड़ता है। एमरजेंसी में मरीजों को निजी सेंटरों से भी जांच करानी पड़ती है।

## केन्द्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

### केदारनाथ यात्रा को आसान बनाएगा नया रोपवे, 36 मिनट में पूरी होगी 9 घंटे की चढ़ाई

**नई दिल्ली,** 6 मार्च (न्यूज चैनल)। केंद्रीय कैबिनेट ने 2 महत्वपूर्ण रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिनमें एक हेमकुंड साहिब और दूसरी केदारनाथ से जुड़ी है। इन परियोजनाओं से श्रद्धालुओं को ऊंची चढ़ाई से बचने में मदद मिलेगी और उनकी यात्रा और भी आरामदायक होगी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी लंबा रोपवे बनाया जाएगा। इस परियोजना की लागत 4,081 करोड़ रुपए होगी। वर्तमान में केदारनाथ यात्रा में 8-9 घंटे का समय लगता है, लेकिन इस रोपवे के बनने से यह यात्रा केवल 36 मिनट में पूरी हो जाएगी। इससे पर्यावरण को भी लाभ होगा और तीर्थयात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, यह परियोजना चारधाम यात्रा को बढ़ावा देगी, जिससे स्थानीय व्यवसायों को फायदा होगा और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। हेमकुंड साहिब में भी एक रोपवे परियोजना पर काम किया जाएगा, जिसकी लागत 2,730 करोड़ रुपए होगी। इस परियोजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को हेमकुंड साहिब तक पहुंचने में आसानी होगी। यह रोपवे तीर्थयात्रियों के लिए एक सुविधाजनक और आरामदायक विकल्प होगा।